क्या आपके पास इंटरनेट की सुविधा वाला स्मार्ट फोन है?

यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) प्लेटफार्म पर जाकर डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें।

यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिससे इंटरनेट सुविधा वाले मोबाईल फोन का उपयोग कर दो बैंक खातों के बीच धन का लेन–देन किया जा सकता है।



आप इसका उपयोग कर सकते हैं, यदि...

- आपका मोबाईल नंबर आपके बैंक खाते से जुड़ा हुआ हो।
- आपके पास एक एटीएम/डेबिट कार्ड हो।

आप भीम (BHIM) ऐप, अन्य बैंकों के ऐप अथवा किसी तीसरी पार्टी के ऐप के द्वारा यू.पी.आई. (UPI) का प्रयोग कर, लेनदेन कर सकते हैं उदाहरण के लिए भीम ऐप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नीचे दी गई है।

रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

1. भीम ऐप डाउनलोड करें।
2. ऐप खोलें, एक एस.एम.एस. आपकी डिवाइस को रजिस्टर करने के लिए भेजा जायगा।
3. अपना लॉगिन (Login) पासवर्ड बनाएँ और लॉगिन करने के बाद बैंक खाता का चयन करें।
4. आपका मोबाईल नंबर ही आपका वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (वी.पी.ए.) अथवा यू.पी.आई. आई.डी. होगा।
5. **यू.पी.आई. पिन बनाने के लिए निम्नांकित संकेतों का प्रयोग करें**
   - एटीएम कार्ड के अंतिम 6 अंक
   - एटीएम कार्ड की वैध अवधि की समाप्ति का माह और वर्ष
   - आपके मोबाईल पर प्राप्त ओ.टी.पी. (वन टाइम पासवर्ड)

- अपने यू.पी.आई. पिन के प्रयोग द्वारा आप किसी भी लाभार्थी को केवल उसके वर्चुअल ऐड्रेस के आधार पर निर्बाध रूप से धन का लेन–देन कर सकते हैं।
- यदि लाभार्थी के पास कोई वर्चुअल ऐड्रेस नहीं है, तो आई.एफ.एस.सी. और खाता संख्या के द्वारा भी धन के लेन–देन की सुविधा उपलब्ध है।

त्वरित एवं तत्काल ट्रांसफर की चौबीसों घंटे (24X7) सुविधा।

UPI

वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
www.rbi.org.in